## वक्फ बोर्ड चेयरमैन से मिला प्रतिनिधि मंडल

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। राजस्थान वक्फ बोर्ड चेयरमैन खानू खां बुधवाली का बुधवार को जयपुर में क्षेत्र के मुस्लिम समाज के एक प्रतिनिधिमंडल मिला और विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

समाजसेवी शफीक खान ने बताया कि क्षेत्र के मुस्लिम समाज का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व उपसभापति नफीस अहमद के नेतृत्व में आज बुधवार को जयपुर में नवनिर्वाचित वक्फ बोर्ड चेयरमैन डॉ खानू खां बुधवाली से मिला और उनका माला पहनाकर स्वागत किया। वक्फ बोर्ड चेयरमैन डॉ बुधवाली ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि वक़्फ़ जायदादों की बेहतर देखभाल का इंतजाम किया जाएगा और अनाधिकृत कब्जों को शीघ्र ही हटवाया जाएगा।

इस अवसर पर पार्षद अब्दुल मुगनी खान, पार्षद आमीन मनिहार,मनोनीत पार्षद वसीम खान, पूर्व पार्षद उस्मान खान, चिरागुद्दीन कुरेशी, समाजसेवी जाहिद खान, शाहिद खान गुनसार, लियाकत अली बंकी आदि मौजूद रहे।

# बयाना नगर पालिका ने खुली नीलामी से 18 दुकानों के भूखंड बेचे

**बयाना** । कस्बे के गांधीचौक स्थित नगरपालिका भवन को तुडवाकर खाली कराए गए भूखंड पर नगरपालिका की ओर से विकसित किए गए मार्केट प्लान में दुकानें बनाने के इच्छुक लोगों के लिए 18 भूखंडों की नगरपालिका की ओर से खुली नीलामी की गई। इस नीलामी में सर्वाधिक कीमत प्लान के 18 नम्बर दुकान की रही। जिसकी कीमत 61 लाख रूपए पर पहुंची। इसके अलावा दूसरे नम्बर दुकान नम्बर 1 की नीलामी हुई जिसकी कीमत 52 लाख 70 हजार रूपए रही। नगरपालिका को दुकानों के भूखंड की इस नीलामी से नगरपालिका को करीब 6 करोड रूपए की नगद आय होने की संभावना है। कस्बे के बुजुर्ग नागरिकों व भाजपा नेता चतुर्भुज षर्मा ने बताया कि नगरपालिका का यह भूखंड व भवन रियासतकालीन है। जिसका नगरपालिका को बेचान करने की वैधता अभी संदिग्ध है। इसे लेकर न्यायालय में भी वाद दायर किया गया है। नीलामी के दौरान दुकानें खरीदने के लिए लोगों में काफी उत्साह देखा गया।



बयाना नगरपालिका की ओर से आयोजित नीलामी के दौरान नगरपालिका की टीम व बोलीदाता मौजूद रहे।

लोगों की भीडभाड के अलावा बयाना व रूदावल थाना से बुलाया गया पुलिस जाप्ता व नगरपालिका कर्मीयों की पूरी टीम तैनात रही। मौके पर नीलामी की प्रक्रिया तीन दिनों से जारी थी। जिसका समापन बुधवार शाम को हुआ। इस दौरान पालिका अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, अधिषाशी अधिकारी जीतेन्द्र गर्ग व पालिका सदस्य आदि भी मौजूद रहे। कई लोग इस दौरान कोविड गाइड लाइन की पालना करना व मास्क लगाना तक भूल गए थे।

## आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन भीम आर्मी एकता मिशन के दर्जनों पदाधिकारियों ने उपखंड अधिकारी अनूप सिंह को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर अलवर जिले में मूक-बधिर बालिका के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में आरोपियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही करने की मांग की है ।

भीम आर्मी के जिला प्रभारी अमित करसोलिया सहित सोनू वंशीवाल, महेन्द्र सिंह, उनदय सिंह, सुनील कुमार, विशाल, मधुराज आदि दर्जनों लोगों ने उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन में लिखा है कि गत 11 जनवरी को अलवर के तिजारी में मूक-बधिर बालिका के साथ जघन्य अपराध किया गया । उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा है कि इस मामले में अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई है । जिससे पुलिस की कार्रवाई पर संदेह है। उन्होंने इस मामले में लिखा है कि अपराधी पूरा अनुसंधान होने के बावजूद भी खुले में घूम रहे हैं । ऐसे में अपराधियों का मनोबल बढ़ेगा ।

## सार-समाचार

### शांति भंग में पांच गिरफ्तार

**कैलादेवी** (निं.स) कैलादेवी थाना पुलिस ने बुधवार को शांति भंग के आरोप में पांच जनों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी बृजेन्द्र सिंह ने बताया कि सहायक उपनिरीक्षक रामवीर सिंह द्वारा जाप्ते के साथ गश्त के दौरान अतेवा में झगड़ा कर उत्पात मचाने पर दिनेश पुत्र शिवचरण जोगी, नीलेश पुत्र दिनेश जोगी,दीपक पुत्र हरिप्रसाद जोगी निवासी जोगमडी थाना सपोटरा, सत्यनारायण पुत्र बाबूलाल जोगी कांबटी थाना सपोटरा,रामसिंह पुत्र रघुनाथ जोगी निवासी सैमरदा थाना सपोटरा आदि को कैलादेवी थाने लाया गया।थाने पर भी शांत नहीं होने पर पांचों व्यक्तियों को शांति भंग में गिरफतार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

### समिति के चुनाव 25 को

**भरतपुर** (निसं)। आजाद सेवा समिति के कार्यकर्ताओं की बैठक आज भरतपुर स्थित मुख्य कार्यालय पर की गई । बैठक में आजाद सेवा समिति की नवीन कार्यकारिणी के निर्वाचन को लेकर निर्णय पारित किया गया । समिति के संस्थापक अध्यक्ष सचिन सूरौता ने बताया की आजाद सेवा समिति की नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन 25 जनवरी को कराया जायेगा । समिति के संस्थापक अध्यक्ष ने बताया कि सदस्यों को चुनाव की सूचना भिजवाई जा रही है। देवेन्द्र नाथ गुप्ता वरिष्ठ अधिवक्ता को आज सर्वसम्मिति से निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया । इस अवसर पर धर्मेन्द्र पहलवान ,जीतेंद्र शर्मा, अनूप जादौन, हर्षित चौधरी, निशांत सोलंकी,अजीत सिनसिनवार, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जनसुनवाई की तिथि में परिवर्तन

**भरतपुर** (निसं)। सम्भागीय आयुक्त पीसी बेरवाल 25 जनवरी को दोपहर 3 बजे विभागीय जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ आयोजित होने वाली विकास योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा बैठक एवं जनसुनवाई अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गयी है। अब यह बैठक एवं जनसुनवाई 31 जनवरी को दोपहर 12 बजे आयोजित की जायेगी।

# 'गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में हिस्सा लेने के लिए कार्मिकों को पाबंद करें'

**भरतपुर** (निसं)। जिला कलक्टर आलोक रंजन ने आदेष जारी कर समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देष दिये हैं कि गणतंत्र दिवस 2022 के अवसर पर पुलिस परेड ग्राउण्ड पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में 26 जनवरी को प्रातः 9 बजे स्वयं मय स्टाफ के उपस्थित होना सुनिश्चित करें। समारोह में अनुपस्थित पाये जाने पर अनुषासनात्मक कार्रवाई की जायेगी।

**व्यवस्था से जुडे कार्मिकों के होंगे पास जारी :** जिला कलक्टर आलोक रंजन ने गणतंत्र दिवस-2022 के मुख्य समारोह की व्यवस्थाओं से सम्बन्धित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देष दिये हैं कि वे मुख्य समारोह की व्यवस्थाओं से सम्बन्धित अधिकारियो, कर्मचारियों एवं श्रमिकों के ड्यूटी पास बनवाये जाने के लिए कार्मिकों की सूची में नाम, पते एवं फोटो आईडी तथा दो नवीनतम फोटो सम्बन्धित विभाग द्वारा सत्यापित कर जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें जिससे लेबर का पुलिस सत्यापन कराया जाकर ड्यूटी पास जारी किये जा सके।

मैत्री मैच का होगा आयोजन : गणतंत्र दिवस के 2022 के अवसर पर जिला प्रषासन बनाम नगर निगम के मध्य 26 जनवरी को दोपहर 1 बजे से लोहागढ स्टेडियम में क्रिकेट मैत्री मैच खेला जायेगा। उन्होंने खेल अधिकारी को निर्देश दिये हैं कि टीमों का गठन कर मैच की समस्त व्यवस्थाऐं सुनिष्चित करें।

## करौली जिले में 114 रोगी कोरोना संक्रमित

**करौली** (निस)। जिला मुख्यालय सहित जिले भर में कोरोना का संक्रमण तेजी से फैल रहा है बुधवार को आई जांच रिपोर्ट में जिले में 114 रोगी पॉजिटिव मिले हैं.करौली जिला मुख्यालय सहित जिले भर के ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण तेजी से फैलता दिखाई दे रहा है ।

बुधवार को आई जांच रिपोर्ट में जिले में 114 नए रोगी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं तीसरी बार करौली जिले में शतक लगा है इसके बावजूद जिला प्रशासन सहित नगर परिषद प्रशासन और पुलिस प्रशासन इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है अगर यही स्थिति रही तो करौली जिले में कोरोना संक्रमण को लेकर महामारी सी फेल सकती है जिले में बढ़ते कोरोना संक्रमण को लेकर स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारी सतर्क और मुस्तैद रहकर कोरोना संक्रमित व्यक्तियों की कॉन्ट्रैक्ट स्ट्रीट खंगाली।

# हिण्डौन शहर में कोहरे का कहर जारी

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। शहर सहित आसपास के क्षेत्र में घने कोहरे और शीत लहर का कहर बुधवार को भी जारी रहा। जिसके चलते न्यूनतम तापमान 4 डिग्री तक दर्ज किया गया। हड़प्पा सर्दी ने लोगों को बेहाल कर दिया। वही दोपहर बाद खुली धूप ने लोगो को कुछ राहत प्रदान की लेकिन शाम ढलते ही फिर से कोहरा छाने लग गया।

उल्लेखनीय है कि गत 1 जनवरी के बाद कई बार रुक रुक कर मावठ का दौर चला जिससे क्षेत्र में तापमान में लगातार गिरावट का दौर जारी रहा है। इस दौरान मंगलवार को भी दोपहर लगभग 12 बजे तक पूरा क्षेत्र घने कोहरे से ढका रहा। वही रात से ही छाए घने कोहरे की सघनता इतनी अधिक थी कि पानी की फुहारे बरस रही थी । जिससे मौसम में और ठंडक बढ़ गई। इस तरह दिन भर आसमान में बादल छाए रहे और शीतलहर का प्रकोप जारी रहा। ठिठुरन पैदा करने वाली सर्दी लोगों को बेहाल कर दिया। दिन भर लोग घरों में हीटर लगा कर अथवा बाहर अलाव जलाकर सर्दी से बचने की जुगत लगाते रहे। उल्लेनीय है कि मावठ के बाद क्षेत्र में तापमान मैं गिरावट का दौर जारी हुआ। इस तरह बुधवार के दिन भी लोगों को शीतलहर ने खूब सताया। इस हड़कपा सर्दी ने आमजन को बेहाल कर दिया। जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा।

दिनभर छाई रहे कोहरे से वाहनों की रफ्तार भी थम गई। सर्दी के प्रकोप के चलते बाजारों में भी कम भीड़ भाड़ दिखाई दी । इधर किसानों का मानना है कि सर्दी का ज्यादा प्रकोप और सरसों की फसल के लिए कुछ नुकसानदायक साबित हो सकता है। हालांकि यह ठंडक गेहूं की फसल के लिए खूब फायदेमंद मानी जा रही है । वही चने की फसल में भी कुछ नुकसान की आशंका जताई जा सकती है।

## पूर्ण निष्ठा से कार्य संभालने की प्रतिज्ञा ली

**भरतपुर** (निसं) । भरतपुर संगिनी द्वारा चंद्रिका शर्मा की अध्यक्षता में भरतपुर संगिनी का दूसरा अधिष्ठापन समारोह होटल कोर्टयार्ड में संपन्न हुआ। इस उपलक्ष पर सभी सदस्यों के लिए स्माइली और इमोजी थीम पार्टी भी आयोजित की गई। सरिता दुबे ने अध्यक्ष पद की शपथ लेते हुए अपने कार्यभार को पूर्ण निष्ठा से संभालने की प्रतिज्ञा ली। सचिव का कार्यभार आरती भारद्वाज को सौंपा गया निक्की अरोड़ा को नया ट्रेजरर नियुक्त किया गया। संस्थापक अलीना गोयल, मेघा नारंग और वंदना अग्रवाल ने संगिनी की टीम 2022 को अपने पद की शुभकामनाएं दी और सरिता दुबे को शपथ दिलाई। पूरा कार्यक्रम जोवियल जनवरी ग्रुप ने संचालित किया।पार्टी का ड्रेस कोड येलो और ब्लैक था जिसके अंतर्गत सभी मेंबर्स येलो और ब्लैक इमोजी टी-शर्ट जैसे परिधान में नजर आए। फन गेम की विनर यश चावल रही।

# बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने दो प्रकरणों में संज्ञान लिया

**भरतपुर** (निसं)। राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जिले में घटित दो घटनाओं का समाचार पत्रों में प्रकाषन के पष्चात् संज्ञान लेते हुए जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र विश्नोई को पत्र लिखकर घटना की वास्तविक स्थिति की जानकारी चाही गयी है।

राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के उपसचिव महेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर 6 जनवरी को डीग में घटित घटना का समाचार है । वानियत डीग में 6 वर्षीय मंदबुद्धि बालक से कुकर्म एवं 12 जनवरी को प्रकाशित समाचार 16 साल की नाबालिग से गैंगरेप, अश्लील वीडियो भी वायरल किए, पीडिता ने जहर खाकर जान दी । पर संज्ञान लेते हुए इन घटनाओं में त्वरित सम्पूर्ण अनुसंधान कर आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में शीघ्र चालान पेष करने के निर्देश दिये हैं। घटनाओं की वास्तविक स्थिति, पीड़ित परिवार की स्थिति, अनुसंधान की वास्तविक स्थिति मय एफआईआर की सत्यापित प्रतिलिपि, आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए किये गये प्रयासों का विवरण, पीड़िता की धारा 164 के बयानों की सत्यापित प्रतिलिपि, राजस्थान पीड़ित प्रतिकर योजना 2015 के तहत प्रतिकर राषि दिलाने में की गयी कार्यवाही का विवरण, अभियुक्त एवं विधि से संघर्शरत बालक का मेडिकल मुआयना एवं टेस्ट आदि करवाये जाने के सम्बंध में की कार्यवाही का विवरण 3 दिवस में भिजवाने के निर्देश दिये हैं तथा इन प्रकरणों में पोक्सो अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं।

## चोरों ने दो भैंस व एक बाइक चुराई

**बयाना** । कस्बे की भांति अब अज्ञात चोर गिरोह गांवों में भी बाईक व अन्य वाहनों एवं पालतू पषुओं आदि की चोरी की वारदातें करने लगे है। बीती रात्रि को बयाना कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी कलसाडा के गांव टुंडपुरा में अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया व एक जनें के यहां से बाईक व एक जनें के यहां से दो भैंस व एक पाडे को चुरा ले गए। दोनों पीडित एक ही परिवार के बताए। पीडित श्रीराम गूजर निवासी टूंडपुरा ने पुलिस कोतवाली में बुधवार को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया है कि अज्ञात चोर बीती रात्रि को उसके घर के अंदर बंधी हुई दो भैंस व एक पाडे को खोलकर चोरी कर ले गए है। वारदात का पता सुबह दूध काढने जाने पर लगा।

पता लगने पर काफी तलाष की गई किन्तु कोई पता नही लग सका। इसी प्रकार इसी गांव के चेतराम गूजर ने पुलिस कोतवाली में बताया कि वह रात्रि को अपने खेतों की सिचाई करने गया हुआ था और अपनी बाईक खेतों में खडी कर दी। सिंचाई कार्य पूरा होने के बाद सुबह 4 बजे जब घर वापस जाने को बाईक देखी तो बाइक गायब थी। जिसकी काफी तलाष की गई। किन्तु कोई पता नही लगा।

# नगर परिक्रमा मार्ग में समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**करौली** (निं.स)। करौली नगर परिक्रमा समिति ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर परिक्रमा मार्ग में व्याप्त समस्याओं के निराकरण की मांग की।

नगर परिक्रमा समिति के अध्यक्ष जीतू शुक्ला,राजीव मीणा,रणवीर सिंह,बृज बिहारी, विष्णु कुमार शर्मा,राजीव राधेश्याम मीणा सहित कई अन्य लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर बताया कि शहर के अंदर स्थित राधा मदन मोहन जी महाराज के स्थापना समय से ही मंदिर की 3 कोसीय नगर परिक्रमा है जो शहर के चारों तरफ से होकर निकल रही है और प्राचीन समय से ही प्रत्येक माह की पूर्णिमा सहित अनेकों पर्व ऐसे हैं जिसके दौरान शहर सहित जिले के बाहर के भक्त नगर परिक्रमा लगाते हैं। परंतु मार्ग में अनेकों समस्याएं ऐसी हैं जिनसे परिक्रमा लगाने वाले भक्तों की श्रद्धा और आस्था को ठेस पहुंच रही है उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से परिक्रमा मार्ग में स्थित मेले मैदान में जाते हुए पावर हाउस तक के रास्ते में सीवरेज लाइन



करौली कलक्ट्रेट में ज्ञापन सौपने आये परिक्रमा समिति के अध्यक्ष जीतू शुक्ला आदि सदस्य।

के ढक्कन लगवाने,परिक्रमा मार्ग के कनक पैलेस से लेकर नूर कॉलोनी तक के रास्ते में कावड़ियों के पड़े लोहे के सामानों से हो रहे अतिक्रमण को हटाने,नूर कॉलोनी से आगे शुक्ल खिड़कियां तक जाने वाले रास्ते में परिक्रमा मार्ग में हर बार किसी ना किसी जानवर के कटे फटे अंग पढ़े हुए होते हैं जो भक्तों को बेहद ही ठेस पहुंचाते हैं इसलिए परिक्रमा से 1 दिन पहले संपूर्ण नगर परिक्रमा मार्ग की सफाई के लिए नगर परिषद को निर्देशित करने एवं परिक्रमा मार्ग में पर्याप्त रोशनी व्यवस्था करवाने की मांग की।

## ऑनलाईन अध्यापन जारी रहेगा

**भरतपुर** (निसं)। जिला कलक्टर आलोक रंजन के निर्देशानुसार जिले में कोविड के बढते संक्रमण एवं शीतलहर को मद्देनजर रखते हुए जिले के जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए नियमित शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन आगामी आदेश तक बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी शैक्षणिक संस्थाओं में समस्त शिक्षक एवं कार्मिक उपस्थित रहकर ऑनलाईन अध्यापन कार्य नियमित रूप से संचालित करें।

## मोबाइल टावर से बैट्रियां चोरी

**बयाना** । खानखेडा में लगे मोबाइल टावर के पॉवर बैंक का ताला तोडकर बीती रात्रि को चोर बैट्रीयों को खोल ले गए। ग्रामीणों के अनुसार पता लगने पर अज्ञात चोरों का पीछा भी किया किन्तु तब तक वह भागने में सफल रहे। इस मामले में मैक्सवीजन सिक्योरिटी कम्पनी के सुपरवाइजर यतेन्द्र फौजदार की ओर से अज्ञात लोगों के विरूद्ध टावर के पॉवर बैंक क ताला तोड क्षतिग्रस्त कर देने का मामला दर्ज कराया।

# भाजपा नेता ने असहाय लोगों को कम्बल ओढ़ाएं

**सवाई माधोपुर**। भाजपा नेता, प्रदेश प्रतिनिधि श्रीमति आशा मीणा ने सवाई माधोपुर के 259 वे स्थापना दिवस के मौके पर भाजपा शहर मण्डल सवाई माधोपुर के बूथ 224 के बूथ अध्यक्ष गणेश गुर्जर की अध्यक्षता मे नीमचौकी के असहाय लोगों को सर्दी से बचाव हेतु कम्बल वितरण किया गया!। भाजपा जिला महामंत्री हरिप्रसाद गुप्ता ने लोगों को सम्बोधित करते हुए बताया कि हारने के बाद भी श्रीमति आशा मीणा लगातार क्षैत्र मे लोगों की मदद करती है बहुत कम नेता ऐसे है जो इस तरह के व्यवहार के होते हैं! इस दौरान मण्डल अध्यक्ष श्रीचरण महावर, आजीवन सहयोग निधि के विधानसभा सहसंयोजक सुधीर शर्मा, मण्डल सहयोगी चन्दन सिंह नरूका ने मण्डल बूथ 224 के बूथ अध्यक्ष गणेश गुर्जर व बूथ 226 के बूथ अध्यक्ष पवन कुमावत की सहयोग निधि भी जमा कराई! उसके बाद श्रीमति आशा मीणा ने शहर स्थित बूथ 241 पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता आनन्दी लाल रैगर व गिरधारी लाल सिंघाडिया की अध्यक्षता में रामदेव मन्दिर प्रांगण में कम्बल वितरण कार्यक्रम किया गया इसके बाद आलनपुर भगवान लक्षराय जी मन्दिर प्रागंण में मण्डल उपाध्यक्ष हनुमान माली की अध्यक्षता में कम्बल वितरण कार्यक्रम किया ! भाजपा उपाध्यक्ष हरिओम गर्ग ने लोगों को सम्बोधित किया गया ! तथा उसके पश्चात नगर परिषद परिसर में स्थापित सवाई माधोपुर के संस्थापक सवाई माधोसिंह जी प्रथम जी की मुर्ति पर माल्यार्पण कर विधानसभा क्षेत्र मे खुशहाली की कामना की! इस दौरान भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री देवेंद्र सिंह राठौड़, जिला उपाध्यक्ष हरिओम गर्ग, जिला मंत्री हरिप्रसाद गुप्ता,मण्डल अध्यक्ष श्रीचरण महावर, मण्डल उपाध्यक्ष चन्दन सिंह नरूका,रमेश जैन, नेता प्रतिपक्ष कपिल जैन, महामंत्री मनीष जैन, रामकिशोर सैनी, पार्षद नवल किशोर अठावाल, जिनेन्द्र शर्मा, पदम जैन,शंकर प्रजापत, तनवीर अहमद, केदार सैनी, रितेश भारद्वाज, मोहित सैनी, उमाशंकर योगी, बाबूलाल चित्रकार, मुकेश शर्मा, महेश साहू, आदि अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ट्रेन से गिरकर महिला घायल

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। श्रीमहावीरजी रेलवे स्टेशन पर फ्रेटिंयर मेल सुपर फास्ट ट्रेन से गिरकर एक महिला घायल हो गई।

आरपीएफ के धर्मवीर सिंह व रेलवे टेलीकॉम के कर्मचारी जावेद अली ने बताया कि उत्तर प्रदेश के गौंडा निवासी फिरोज खान व उसकी पत्नि जैबुन निशा फ्रेटिंयर मेल में बैठकर मुम्बई से पंजाब जा रहे थे। इस दौरान महिला ट्रेन में शौच करने चली गई।

इस दौरान वह संतुलन बिगड जाने के कारण ट्रेन से गिर गई। जिसका सीट पर बैठे उसके पति को भी मालुम नहीं चल सका। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटी तो उसने बयाना रेलवे स्टेशन पर उतरकर उसे तलाश किया तो रेलवे पुलिस से सूचना मिली कि एक महिला श्रीमहावीरजी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से गिर गई है जिसे रेलवे पुलिस ने उपचार के लिए हिण्डौन के मोहन नगर स्थित जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से हालत ज्यादा गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के लिए जयपुर रैफर कर दिया। सूचना के बाद घायल महिला का पति भी राजकीय अस्पताल पहुंच गया।

## युवा सप्ताह का समापन

**बयाना**। बयाना के राजकीय स्नातकोत्तर महाविधालय में एनएसएस योजना की दोनों इकाइयों की ओर से आयोजित राष्ट्रीय युवा सप्ताह के समापन की औपचारिक रस्मअदायगी बुधवार को प्राचार्य प्रो.महेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में हुई। जिसमें योजना से संबंधित कुछ विधार्थी व महाविधालय स्टाफ उपस्थित हुआ। आयोंजकों की माने तो सप्ताह के तहत भाशण निबंध, गीत, नृत्य व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की भी औपचारिकताऐं की गई। समापन के अवसर पर प्रो. हनुमान प्रसाद मीणा ने कहा कि हमें देश व समाज के लिए जागरूक बनने की आवश्यकता है।

## बारसंघ चुनावों की तैयारी शुरू

**बयाना** । यहां के बार संघ के चुनावों की तैयारी शुरू होने के साथ ही चुनाव लडने के इच्छुक लोगों की भी सरगर्मी शुरू हो गई है। चुनाव प्रक्रिया के लिए अभिभाशक संघ के सदस्य हाकिमसिंह एडवोकेट को संघ का निर्वाचन अधिकारी व सुनील षर्मा एडवोकेट को सहायक निर्वाचन अधिकारी चुना गया है।

# वैर में महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल खुलने के आसार बने

**वैर** । उपखंड मुख्यालय पर महात्मा गांधी अंठोजी माध्यम स्कूल घूमने के आसार बन गए हैं । राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य से इस मामले को लेकर राय मांगी गई है । इस पर विचार करने के लिए एसडी एमसी के सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता प्रधानाचार्य ममता शर्मा ने की । जिसमें एसडीएमसी सदस्यों की बैठक में मतभेद उभर कर सामने आये हैं । कमेटी के अधिकांश सदस्यों का मानना है कि उपखंड मुख्यालय पर महात्मा गांधी अंठोजी विद्यालय स्कूल खोलने के साथ-साथ कन्या विद्यालय भी संचालित किया जाए ताकि बालिकाओं को पढ़ाई में परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

एसडीएमसी की बैठक में सदस्य मान सिंह सैनी, ,विकास कुमार शर्मा ,दलवीर जाट आज का कहना है कि उपखंड व विधानसभा मुख्यालय पर महात्मा गांधी अंठोजी विद्यालय खुलने से कस्बा सहित आसपास ठाामीण अंचल के अभिभावकों को अपने बच्चों को अंठोजी माध्यम स्कूल में पढ़ाने की सुविधा मिलेगी। कस्बा सहित ग्रामीण अंचल के करीब 4 दर्जन से अधिक गांव उपखंड मुख्यालय से जुड़े हुए है। साथ ही सदस्यों ने सुझाव दिया कि उपखंड मुख्यालय पर एक मात्र राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय है जिसमें कस्बा सहित ठाामीण क्षेत्र की हजारों छात्राएं विद्या अध्ययन के लिए विद्यालय में आती हैं । उपखंड मुख्यालय पर बालिका विद्यालय भी सुचारू रूप से जारी रहना चाहिए ताकि छात्राओं को भी हिंदी मीडियम विद्यालय की सुविधा प्राप्त हो सके । दूसरी ओर कमेटी के सदस्य पूर्व वाइस चेयरमैन पूर्णचंद एडवोकेट का कहना है हमारे बच्चों के फर्स्ट के लिए अंठोजी माध्यम का स्कूल बहुत ही आवश्यक है । इससे पहले भी अंठोजी माध्यम स्कूल खोलने का प्रस्ताव आया था जिसे क्षेत्र क के ही पाली गांव में खोल दिया गया । हमारे यहां के बच्चे गणित और अन्य विषयों में अक्षय कुमार खिलाते हैं परंतु अंग्रेज का ज्ञान कम होने से उसमें पिछड़जाते । उपखंड के आस पास के गांवों के लिए भी मुख्यालय पर अंठोजी स्कूल का होना आवश्यक है जिसे हर हालत में खोला जाना चाहिए ।

## बैठक में 12 प्रकरणों का निस्तारण

**करौली** (निं.स) । कोरोना महामारी के चलते सोशल डिस्टेंसिंग की पालना करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राजस्थान पीडित प्रतिकर योजना के अन्तर्गत लंबित प्रार्थना पत्रों एवं विधिक सहायता के आवेदन पत्रों के निस्तारण हेतु बुधवार को जिला एवं सेशन न्यायाधीश (अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करौली) हारून की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में पीड़ित प्रतिकर के कुल 13 प्रकरण विचारार्थ रखे गये जिन पर समिति के सभी सदस्यों द्वारा प्रार्थना पत्रों पर विचार विमर्श कर 12 प्रार्थना पत्र निस्तारित किये गये जिनमें से 08 प्रकरणों को स्वीकार किया जाकर समिति द्वारा पीडितों के लिए 7.45 लाख रूपये का प्रतिकर स्वीकृत किया गया। बैठक में निःशुल्क विधिक सहायता के लिए प्रस्तुत 9 प्रार्थना पत्र विचारार्थ रखे गये। समिति द्वारा सभी प्रार्थना पत्रों को स्वीकार कर पैनल अधिवक्ता नियुक्त करने की कार्यवाही की गयी एवं एक प्रकरण जिसमें पूर्व निःशुल्क विधिक सहायता से अधिवक्ता नियुक्त किया गया उसका निस्तारण हो चुका है को भी विचारार्थ रखा गया ।

# सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग



मंडावरा रोड निवासी लोगों ने नगर परिषद आयुक्त कीर्ति कुमावत को ज्ञापन सौंपकर सड़क के निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू करवाने की मांग की है।

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। शहर के मंडावरा रोड निवासी दर्जनों लोगों ने नगर परिषद आयुक्त कीर्ति कुमावत को ज्ञापन सौंपकर शहर के मडावरा रोड पर सड़क के निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू करवाने की मांग की है।

शहर निवासी पूर्व पार्षद नरसी, घनश्याम, बबूल, उपेन्द्र, गोपाल, अंशु जैन, राकेश, सरफू, ओमी मित्तल, दिनेश, मनोज, त्रिलोक, यशपाल, राजेश, प्रवीण, भूरा आदि ने नगर परिषद आयुक्त कुमावत को सौंपे ज्ञापन में लिखा है कि शहर के मडावरा रोड की पूरी सड़क जर्जर हालत में है। जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं और नालियों का निर्माण भी नहीं हुआ है। ऐसे में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और लोग गंदगी से होकर निकलने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने ज्ञापन में लिखा है कि इस सड़क मार्ग पर निर्माण कार्य शुरू करने की स्वीकृति भी कई दिन पूर्व जारी हो चुकी है लेकिन निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हो सका है । उन्होंने नगर परिषद आयुक्त से इस सड़क के निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू करवाने की मांग की है । साथ ही चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू नहीं किया गया तो मडावरा रोड निवासी आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

## भरतपुर में महाराणा प्रताप की 425 वीं पुण्यतिथि मनाई

**भरतपुर** (निसं)। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के जिला सोशल मीडिया प्रभारी भीम सिंह राजपूत के नेतृत्व में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 425 वीं पुण्यतिथि मनाई गई ।

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर कुंवर भीम सिंह राजपूत व करणी सेनिक कुंवर गगन सिंह राजपूत ने पुष्पमाला पुष्प अर्पित करके दीप प्रज्वलित किया व महाराणा प्रताप के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए राजपूत ने बताया कि महाराणा प्रताप अद्भुत शौर्य अदम्य साहस दृढ़ संकल्प के अद्वितीय प्रतीक महान योद्धा मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले वीरता शौर्य स्वाभिमान राजस्थान की आन बान शान के प्रतीक थे ।

हल्दीघाटी के युद्ध में दुश्मनों में उन्होंने कोहराम मचाया था वह युद्ध में 72 किलो का कवच व 81 किलो का भाला लेकर रणभूमि में युद्ध करते थे ऐसे वीर शिरोमणि को क्षत्रिय नमन करते हैं।